Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:49 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:42 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 61 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 18 अगस्त 2026

आलिया भट्ट ने साझा की रणबीर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### टीआईएसएसके दीक्षांत समारोह में चीफ गेस्ट नहीं होंगे सीजेआई

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्य कांत अब टीआईएसएस के 86वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि नहीं होंगे। उनकी जगह डॉ. सीएस प्रमेश को न्योता दिया गया है और समारोह 22 अगस्त को होगा। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब नालसार में सीजेआई को मुख्य अतिथि बनाने को लेकर छात्रों के विरोध और बीसीआई की कार्रवाई पर विवाद हुआ था। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत अब टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस) के 86वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि नहीं होंगे। उनकी जगह टाटा स्मारक अस्पताल के निदेशक डॉ. सीएस प्रमेश मुख्य अतिथि होंगे। यह दीक्षांत समारोह अब 22 अगस्त को होगा।

पहले यह दीक्षांत समारोह 2 अगस्त को होना था। सीजेआई सूर्य कांत को मुख्य अतिथि बनाया गया था। हालांकि, समारोह से सिर्फ दो दिन पहले टीआईएसएस ने इसे टाल दिया था।

### ट्रक ने सीआरपीएफ वाहन को मारी टक्कर, 5 जवान घायल

**जम्मू।** मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर काजीगुंड के लेवदोरा इलाके में एक ट्रक की सीआरपीएफ की बंकर गाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें सीआरपीएफ के पांच जवान घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, यह घटना मंगलवार को हुई, जब एक ट्रक ने सीआरपीएफ बंकर वाहन को लेवदोरा के पास टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बंकर वाहन पलट गया। इस हादसे में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल काजीगुंड स्थित 163 बटालियन सीआरपीएफ के एमआई रूम में चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया गया। उनकी चोटें मामूली बताई जा रही हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और टक्कर की वजहों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

# नोटिस वितरण के साथ दावे-आपत्तियों की सुनवाई तेज

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची को लेकर प्रशासन ने दावे-आपत्तियों के निस्तारण की कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को हल्द्वानी तहसील सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक हुई कार्रवाई और प्रगति की जानकारी साझा की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने की। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक नामावली को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए नोटिस वितरण के साथ दावे-आपत्तियों की सुनवाई चल रही है। प्रशासन का जोर पात्र मतदाताओं के नाम सूची से छूटने से रोकने और अपात्र नामों को हटाने पर है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने बताया कि 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जा चुकी है। दावे-आपत्तियों और

**बैठक**
- 15 सितंबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

जारी नोटिसों पर सुनवाई एवं निस्तारण की प्रक्रिया 14 जुलाई से 11 सितंबर तक चलेगी। इसके बाद 15 सितंबर को अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। जनपद नैनीताल की प्रारूप मतदाता सूची में कुल 6,93,325 मतदाता दर्ज हैं। जिले में कुल 2,35,085 नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें से 2,30,222 नोटिस संबंधित मतदाताओं तक पहुंचाए जा चुके हैं। अब तक 69,318 नोटिसों पर सुनवाई पूरी की जा चुकी है। प्रशासन के अनुसार जिले में करीब 1,88,054 मामले विसंगति श्रेणी और 47,031 मामले अन्य चिह्नित श्रेणी में पाए गए हैं। इन प्रकरणों में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ओर से नियमानुसार नोटिस जारी कर जांच और सुनवाई की कार्रवाई की जा रही है।

**7 आंकड़ों में एसआईआर:** 6,93,325 — कुल मतदाता, 2,35,085 — जारी नोटिस, 2,30,222 — वितरित नोटिस, 69,318 — नोटिसों पर पूरी सुनवाई, 15 सितंबर — अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी लौट रहे थे मजदूर

# पिकअप डंपर से टकराई आठ की मौत, 25 घायल

नई दिल्ली/ग्वालियर
एजेंसी



भिंड-ग्वालियर रोड पर छीमका गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को गोहद अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया।

भिंड में नेशनल हाईवे-719 पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गोहद के छीमका गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। पिकअप में ग्वालियर क्षेत्र से धान की रोपाई का काम पूरा कर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी लौट रहे मजदूर सवार थे। हादसे में आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब एक बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक, पिकअप की रफ्तार करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा होने का अनुमान है। छीमका गांव के पास हाईवे पर कुछ गायें सड़क पर बैठी थीं। अचानक सामने आए मवेशियों को बचाने के प्रयास में पिकअप चालक ने वाहन मोड़ दिया और सामने से आ रहे डंपर से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन में सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। गोहद चौराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि सभी मजदूर ग्वालियर क्षेत्र में धान की रोपाई का काम करने आए थे। काम पूरा होने के बाद वे पिकअप से अपने गांव लखीमपुर खीरी लौट रहे थे। लेकिन रात के सफर में छीमका गांव के पास उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। गोहद चौराहा थाना प्रभारी रामनरेश यादव के मुताबिक, हादसे में 8 मजदूरों की मौत हुई है, जबकि 25 लोग घायल हैं। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए हैं और मृतकों एवं घायलों की पहचान की जा रही है।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला एसआईटी जांच में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट

अयोध्या
एजेंसी



अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे से जुड़े मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अपनी फाइनल रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। गृह विभाग ने रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद आवश्यक कार्रवाई के लिए इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को उपलब्ध करा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, फाइनल रिपोर्ट में राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय को क्लीन चिट दी गई है। वहीं, ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र पर भी कोई आरोप तय नहीं किए जाने की बात सामने आ रही है।

ट्रस्ट के अनुरोध पर शासन ने 13 जून को लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। आईजी रेंज किरण एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन कुमार को एसआईटी का सदस्य बनाया गया था। टीम ने जांच के दौरान चढ़ावे से जुड़े मामले में सामने आए तथ्यों, दस्तावेजों और संबंधित लोगों के बयानों की पड़ताल की।

**आठ आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा:** एसआईटी ने 23 जून को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। प्रारंभिक रिपोर्ट में मामले में कड़ी कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर 25 जून को राम जन्मभूमि थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू को नामजद किया गया था। इसके अलावा अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया था। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर ही आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य कार्रवाई की गई थी।

# मुक्तेश्वर में अनियंत्रित ऑल्टो खाई में जा गिरी, दो युवक घायल

मुक्तेश्वर
हमारे संवाददाता

मुक्तेश्वर के रामगढ़ ब्लॉक स्थित नथुवाखान में मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए।



मुक्तेश्वरर के रामगढ़ ब्लॉक के नथुवाखान में मंगलवार की सुबह 9.30 बजे एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार में सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से मल्ला रामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया। रामगढ़ सीएचसी के डॉ प्रदीप पांडे ने बताया कि हादसे में कोमल आर्या (17) पुत्री दिनेश चंद्र निवासी नथुवाखान और राजेंद्र प्रसाद (45) पुत्र जगत राम निवासी नथुवाखान घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि कोमल के सिर में गहरी चोट होने और राजेंद्र प्रसाद के पूरे शरीर में चोट होने के चलते दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी एसटीएच रेफर किया है।

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस का सख्त अभियान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर यातायात पुलिस ने सोमवार सुबह शहर में स्कूल वाहनों की धरपकड़ शुरू कर दी। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर चलाए गए सघन चेकिंग अभियान में स्कूली बसों और अन्य वाहनों के दस्तावेज, सुरक्षा इंतजाम और यातायात नियमों के पालन की बारीकी से जांच की गई। नियमों में खामी मिलने पर संबंधित वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

निरीक्षक यातायात प्रभारी भूपेश पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने हल्द्वानी क्षेत्र में संचालित विभिन्न स्कूल वाहनों को रोककर उनकी जांच की। इस दौरान वाहन के आवश्यक दस्तावेज, निर्धारित सुरक्षा मानक और यातायात नियमों के अनुपालन को परखा गया। जांच के दौरान जिन वाहनों में निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाया गया, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों के साथ ही विद्यालय प्रबंधन को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्कूल वाहनों में सभी सुरक्षा मानकों को पूरा रखने और यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा गया।

**बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं :** एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बच्चों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ लगातार चेकिंग अभियान चलाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**वाहन संचालकों को सख्त निर्देश:** यातायात पुलिस ने वाहन चालकों और स्कूल प्रबंधन को चेताया कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े नियमों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। दस्तावेजों से लेकर सुरक्षा मानकों तक हर स्तर पर नियमों का पालन अनिवार्य रहेगा।

# बोर्ड बैठक में कई मुद्दों पर हुआ गहन मंथन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद की सोमवार को विशेष बोर्ड बैठक पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी श्री मां नंदा देवी महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा होने के बाद कई अहम फैसले लिए गए।



बैठक में श्री माँ नन्दा देवी महोत्सव 2026 में होने कार्यों की विभिन्न निविदाओं समेत पालिका सीमान्तर्गत डोर टू डोर के माध्यम से कूड़ा एकत्रीकरण एवं पृथक्कीकरण कार्य की निविदा,देवभूमि सफ ई कर्मचारी संघ शाखा नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा प्रस्तुत पत्र के मुताबिक पालिका के स्थाई कर्मचारियों को ए0सी0पी0 का लाभ दिये जाने हेतु बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्रस्तावों पर क्रमानुसार चर्चा की गयी जिसमें से श्री माँ नन्दा देवी महोत्सव में होने कार्यों/निविदा शर्तों से अवगत कराया गया जिसमें बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मेला परिसर में निर्धारित मेला प्रचार प्रसार एवं संकेतकों के अलावा किसी भी प्रकार के राजनैतिक पोस्टर, बैनर तथा फलैकसी व होर्डिंग आदि नहीं लगाये जाऐंगे। अतिआवश्यक होने पर पालिकाध्यक्ष से इस हेतु पूर्वानुमति लेनी अनिवार्य होगी इसका उल्लंघन होने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। मेले के दौरान बाहरी राज्यों एवं शहरों से आये छोटे कोरोबारियों फड़ व्यवसायियों को मेला परिसर में किसी भी प्रकार का व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी इस हेतु आवश्यकतानुसार पृथक से व्यवस्था की जायेगी। मेला परिसर में मनोरंजन हेतु लगने वाले झूलों की संखया व दर छोटे व बड़े निविदा में अंकित करनी होगी तथा इसके संचालन हेतु सुरक्षा के दृष्टिगत रात्रि 8 बजे तक समय सीमा तय की गयी है। मेले में 40 पर्यावरण मित्रों को 20 दिनों के लिए आउअसोर्स के माध्यम से रखे जाने हेतु बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया साथ ही मेला परिसर एवं शहर के अन्य स्थानों पर श्री माँ नन्दा देवी महोत्सव में आवश्यक दिशा निर्देशो के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु पूर्व वर्षों की भांति पोस्टर/बैनर/ पलैक्सी व होर्डिंग आदि स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। पालिका के तहत समस्त 15 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण, स्थानीय परिवहन एवं हल्द्वानी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड तक कूड़ा परिवहन हेतु निविदा/ अधिप्राप्ति किये जाने हेतु बोर्ड द्वारा जनहित में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। बैठक में पालिका के सभासद समेत पालिका के अधिकारी व बोर्ड बैठक से जुड़े पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता संघ ने की बैठक, हाईकोर्ट स्थानांतरण पर चर्चा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में सोमवार को बार सभागार में हुई अधिवक्ताओं की बैठक में नैनीताल से हाईकोर्ट हल्द्वानी स्थानान्तरित करने के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई ।

बैठक में बताया गया कि आंदोलनकारी अधिवक्ता संघ ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की तैयारी कर ली है साथ ही राज्य सरकार द्वारा हल्द्वानी के बेल बाबा क्षेत्र की रिजर्व फ रिस्ट की भूमि को हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने की तैयारी की है । इसके अलावा राज्य पुनर्गठन विधेयक जिसमें की हाईकोर्ट की प्रधान पीठ नैनीताल में स्थापित करने का उल्लेख है को बिना राष्ट्रपति की मंजूरी के कया अन्यत्र शिफ्ट किया जा सकता है जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई । राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता संघ ने कहा कि यह महज पहाड़ से हाईकोर्ट मैदान में शिफ्ट करने का मुद्दा नहीं नहीं बरन पर्वतीय प्रदेश की मूल अवधारणा से जुड़ा प्रश्न है । कहा कि यदि सारे मुखय संस्थान मैदान में ही स्थापित होने हैं तो पर्वतीय राज्य का कया औचित्य है?

राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमन शाह के नेतृत्व में हुई इस बैठक में पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रमुख राज्य आंदोलनकारी अवतार सिंह रावत, पुष्पा जोशी, त्रिभुवन फर्त्याल, एम सी पंत, दुर्गा सिंह मेहता, प्रेम सिंह सौन, पूर्व मुख्य स्थाई अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह रावत, कौशल साह जगाती, नवनीश नेगी, भुवनेश जोशी, योगेश पचौलिया, कार्तिक हरि गुप्ता, सूरज पांडे, एम एस भंडारी, राजीव पाठक, बी एस कोरंगा, सुभाष गुप्ता, कौशल पांडे, अंबजीत चड्ढा, शिवानंद भट्ट, अभिषेक वर्मा, कैलाश चंद्र तिवारी तथा पी एस बिष्ट व रवि बिष्ट सहित बड़ी संखया में अधिवक्ता मौजूद थे।



# ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट के नेतृत्व में हुई दूषित पेयजल की जांच

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भीमताल विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सोमवार को ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों द्वारा विकास खंड के दुर्गापुर, पावर हाऊस तथा छीणा के निकट जल स्रोतों का निरक्षण कर पानी की शुद्धता की जाँच करवाई गई। बता दें विगत कुछ वर्षो से ग्राम सभा गेठिया, बेलुवाखान, सरियाताल तथा ज्योलीकोट में डायरिया तथा पीलिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है जिसे बलाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने गंभीरता से संज्ञान में लिया तथा बीमारी का पता लगाने के लिये पानी का परीक्षण करवाया गया जिसमें जल का दूषित होना पाया गया, लेकिन बार बार जाँच करने पर भी जल के दूषित होने का कारण पता नहीं चल पा रहा था लेकिन जब बारीकी से जाँच की गई तो यह पाया गया कि कृष्णापुर की शिविर लाईन जो दुर्गापुर ट्रीटमेंट प्लांट में जाती हैं उसका रिसाव जल स्रोतों को गन्दा एवं दुषित कर रहा है। जल की शुद्धता की जांच करने के समय स्वास्थ्य विभाग से डॉ. हेमंत मर्तोलिया, डॉ पल्लवी, डॉ. मोहन नंदन कांडपाल, पआरपी शकुंतला नेगी, प्रियंका तथा जल संस्थान के सहायक अभियंता मोहन सिंह रावत, अपर सहायक अभियन्ता रविन्द्र पाठक समेत बेलुवाखान प्रधान डा. बबीता मनराल, गेठिया प्रधान रिंकु देवी, ज्योलीकोट प्रधान नवल कुमार समेत अजय कुमार, लछम सिंह, राजेन्द्र मनराल, मनीष कुमार तथा योगेश बोरा तथा कुंदन जीना आदि मौजूद रहे।

# फण्ड रेजिंग व प्रभावी इन्वेस्टर पिच में एआई की भूमिका विषयक कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊँ विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड इन्यूबेशन सेल तथा डायरेटोरेट ऑफ विजिटिंग प्रोफेसर तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को यूजिंग एआई फॉर फ ण्ड रेसिंग एंड इन्वेस्टर पिच विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ. रमेश चंद्र बेलवाल (एसोसिएट प्रोफेसरए कंप्यूटर साइंस विभाग कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल) तथा सुश्री कल्याणी तिवारी कंसल्टेंट माइक्रोसॉफट हैदराबाद ने) विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने उद्यमिता, नवाचार एवं फंडिंग के क्षेत्र में एआई की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को एआई आधारित उपकरणों के माध्यम से व्यावसायिक विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने, संभावित फंडिंग अवसरों की पहचान करने, निवेशकों के लिए प्रभावशाली पिच तैयार करने तथा बाजार संबंधी जानकारी के विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एआई का प्रभावी उपयोग नवोन्मेषकों एवं स्टार्टअप्स को अपने विचार निवेशकों तक अधिक स्पष्ट एवं प्रभावशाली तरीके से पहुँचाने में सहायता कर सकता है।कार्यशाला में0 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो. ललित तिवारी ने संचालन किया। इससे पूर्व निदेशक प्रो. आशीष तिवारी ने सभी का स्वागत किया ।

## NEWS / फटाफट

### पीएलवी को स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली का दिया प्रशिक्षण

**नैनीताल** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा सोमवार को पीएलवी यानी पैरालीगल वालंटियर यानी पराविधिक स्वयं सेवकों और अधिकार मित्रों के लिए स्थायी लोक अदालत विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जन उपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों के त्वरित, सस्ते और सुलभ निस्तारण की प्रक्रिया तथा स्थायी लोक अदालत के अधिकार क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष.जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के आदेश पर आयोजित कार्यक्रम में जिला प्राधिकरण की सचिव पारुल थपलियाल के निर्देशन में स्थायी लोक अदालत के सदस्यों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

### कूटा ने डा.सामंत को नासी सीनियर साइंटिस्ट फेलोशिप मिलने पर जताई खुशी



**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की पूर्व छात्र तथा एचएफ आरआई शिमला के पूर्व निदेशक डॉ. एस एस सामंत को राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी भारत प्रयागराज को नासी सीनियर साइंटिस्ट फेलोशिप प्रदान की गई है । उनकी सफ लता पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

### धनराशि लौटाने की बात पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**नैनीताल** । धनराशि के लेनदेन के लिए हुए विवाद में एक व्यक्ति ने वाहन चालक पर गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सिलाकोट भनोली अल्मोड़ा निवासी आनंद सिंह ने बताया कि एक वाहन चालक ने घरेलू परेशानी बताते हुए उससे करीब 20 हजार रुपये की धनराशि उधार ली थी। धनराशि वापस करने के लिए कहने पर संबंधित व्यक्ति की ओर से टालमटोल की गई। बाद में धनराशि लौटाने का आश्वासन दिया गया लेकिन आरोप है कि रकम वापस नहीं की गई। आरोप है कि दोबारा अपनी धनराशि वापस मांगी तो संबंधित व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लैडों लीग फुटबाल प्रतियोगिता:गैलेसी एफसी पहुंची फाइनल में

**नैनीताल** । डीएसए द्वारा आयोजित 103वीं लैन्डो लीग फुटबाल प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफ इनल सोमवार को गैलेसी एफ सी और किलर्स इलेवन के बीच खेला गया। मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन आखिरी में गैलेसी एफ सी ने एक तरफा मुकाबले में 3–0 से विजयश्री हासिल कर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। दूसरी ओर अब फ इनल मुकाबला गैलेसी एफसी बनाम फास्ट अयारपाटा के बीच 19 अगस्त (बुधवार) को खेला जायेगा। प्रतियोगिता में रैफरी की भूमिका भरत,पवन व संजय ने निभायी जबकि उद्घोषक दीपक कुमार और नवीन पांडे रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डीएसए के महासचिव मनोज जोशी समेत प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, खीमराज सिंह देउपा, फुटबॉल सचिव पवन खडायत, चन्द्र लाल साह, धर्मेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र बर्गली ,हरीश जोशी, भूपेन्द्र बिष्ट तथा डा मनोज सिंह बिष्ट तथा जलज बर्मा आदि जुटे रहे।

### संतोष के घर पहुंच विधायक भगत ने जताया शोक

**नैनीताल** । वन विकास निगम के पूर्व निदेशक तथा वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष साह की माता कमला साह के निधन पर कालाढूंगी विधायक तथा पूर्व मंत्री बंशीधर भगत ने सोमवार को संतोष के मल्लीताल बड़ा बाजार स्थित आवास में पहुंचकर शोक जताया और परिजनों को सांत्वना दी। बता दें संतोष साह की माता का निधन रविवार को हो गया था। इस मौके पर नितिन कार्की,मनोज जोशी, दया किशन पोखरिया, डा.पंकज भट्ट, मनोज साह, अशोक साह व प्रो.गिरीश रंजन तिवारी आदि मौजूद थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नैनीताल में मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट शिविर शुरु

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट शिविर का सोमवार को डीएसबी परिसर स्थित एनसीसी बोट पूल के निकट शुभारंभ हुआ। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने मुखय अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन किया और नैनी झील में आयोजित सेलिंग एसपीडिशन को फ्फलैग ऑफ किया।

इससे पूर्व शिविर के उद्घाटन अवसर पर 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी के कमांडिंग ऑफि सर कैप्टन मृदुल शाह ने कुलपति प्रो.रावत का स्वागत किया तथा शिविर की रूपरेखा तथा उद्देश्यों और विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। बता दें शिविर में 60 एनसीसी कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं।कैडेट्स को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि एनसीसी केवल परेड, वर्दी अथवा सैन्य प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, साहस, आत्मविश्वास व टीम भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने और जिमेदारी के साथ कार्य करने के लिए तैयार करते हैं। फ्लैग ऑफ के बाद कैडेट्स ने नैनी झील में सेलिंग एसपीडिशन के दौरान लगभग 32 किलोमीटर की दूरी तय की। बारिश के बीच भी कैडेट्स ने पूरे उत्साह, अनुशासन और साहस के साथ अभियान में भाग लिया। उद्घाटन के बाद कुलपति ने शिविर में कैडेट्स द्वारा तैयार किए गए शिप मॉडल्स का अवलोकन किया।इस अवसर पर लेफिटनेंट प्रो. रीतेश साह, एडमिन ऑफिसर भगवत बिष्ट, चीफ इंस्ट्रटर अरविंद, पीआई स्टाफ तथा प्रशिक्षकगण एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

# अभिमत

## संकट टला नहीं

*प्रधानमंत्री मोदी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भरोसा दिलाया है कि किसान और अन्य नागरिकों पर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण सरकार संकट नहीं आने देगी। परिवहन के लिए वाहनों में पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं होने दी गई है, लेकिन कृषि के लिए किसानों को डीजल की जरूरत है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वस्त किया है। भारत ने कच्चा तेल रूस से आयात करके ऊर्जा का संकट फिलहाल नहीं होने दिया है, लेकिन संकट टला नहीं है।*

कई देशों के बीच युद्ध से पूरा विश्व प्रभावित है। पश्चिम एशिया में तनाव से भारत में आर्थिक संकट की आशंका पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से मितव्ययिता की अपील की थी। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का सीमित उपयोग करने की सलाह दी थी। उधर ईरान और अमेरिका के बीच सशर्त युद्ध विराम से कच्चा तेल भारत को मिलता रहा। युद्ध विराम खत्म हो गया। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भरोसा दिलाया है कि किसान और अन्य नागरिकों पर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण सरकार संकट नहीं आने देगी। परिवहन के लिए वाहनों में पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं होने दी गई है, लेकिन कृषि के लिए किसानों को डीजल की जरूरत है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वस्त किया है। भारत ने कच्चा तेल रूस से आयात करके ऊर्जा का संकट फिलहाल नहीं होने दिया है, लेकिन संकट टला नहीं है। खरीफ की फसल का मुख्य अनाज चावल (धान) का उत्पादन एशिया के देशों में होता है। चावल की खपत भी सबसे अधिक एशिया में होती है। इस साल उत्तर भारत में मानसून के दौरान औसत से कम वर्षा का अनुमान है। सिंचाई के लिए नलकूपों का इस्तेमाल हो रहा है। नलकूप संचालन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। पेट्रोलियम पदार्थों की कमी किसानों के लिए नहीं होने देने के लिए सरकार ने कदम उठाये हैं। युद्ध शुरू होते ही रसोई गैस की कालाबाजारी की आशंका से सरकार ने गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए समय सीमा निर्धारित करके समस्या का समाधान कर लिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कीमती धातु सोने की खरीदारी पर नियंत्रण का सुझाव दिया था। विवाह और दिखावे के लिए सोने के आभूषण खरीदने की होड़ रहती है। भारत को सोना आयात करना पड़ता है। युद्ध के कारण विदेशी मुद्रा की कमी हो सकती है। विदेशी मुद्रा वस्तुओं के निर्यात से प्राप्त होती है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण निर्यात में कमी आ गई है। ऊर्जा संकट का असर औद्योगिक उत्पादन पर भी पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। कई देशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा चुका है और भविष्य में भी प्रयास किया जाता रहेगा।

# सांसद भट्ट ने किया प्रवेश द्वार और तिरंगा लाइटों का लोकार्पण

लालकुआं

हमारे संवाददाता



शहर के सौंदर्यीकरण और विकास की दिशा में लालकुआं को एक और सौगात मिली है। नगर पंचायत द्वारा शहर के दोनों छोर पर बनाए गए भव्य स्वागत द्वारों तथा मुख्य बाजार के डिवाइडर पर स्थापित आकर्षक तिरंगा लाइटों का क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने विधिवत लोकार्पण कर इन्हें नगरवासियों को समर्पित किया।

वन विकास निगम के डिपो संख्या-5 के सामने नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि लालकुआं तेजी से विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा लालकुआं बाईपास निर्माण को हरी झंडी दी जा चुकी है। वहीं जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपये की लागत से नई पेयजल लाइन बिछाई गई है तथा करीब 34 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन का कार्य भी कराया जा रहा है। सांसद ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी के नेतृत्व में नगर के विकास और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। शहर के दोनों ओर बनाए गए भव्य प्रवेश द्वार और तिरंगा लाइटें लालकुआं की सुंदरता बढ़ाने के साथ ही बाहर से आने वाले लोगों के लिए नगर की एक विशिष्ट पहचान बनाएंगी। लोकार्पण के बाद नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने सांसद अजय भट्ट के समक्ष नगर की विभिन्न विकास संबंधी समस्याओं और भविष्य की योजनाओं को प्रमुखता से रखा।

यातायात व्यवस्था, विद्युत लाइन, रेलवे से जुड़े विकास कार्य, बाईपास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान नगर के बीचोंबीच से गुजर रही 33 केवी विद्युत लाइन के स्थानांतरण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। सांसद अजय भट्ट ने मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। चेयरमैन सुरेंद्र सिंह लोटनी ने कहा कि नगर पंचायत का लक्ष्य केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि लालकुआं को बेहतर सड़क, सुचारु यातायात, व्यवस्थित विद्युत व्यवस्था और आधुनिक नागरिक सुविधाओं से युक्त विकसित नगर बनाना है। कार्यक्रम में नगर पंचायत सदस्य नेहा आर्य, धन सिंह बिष्ट, योगेश उपाध्याय, शबनम, सुरेश शाह, दीप्ति पांडे, भुवन पांडे, हेमंत पांडे, विनोद श्रीवास्तव, गौरव कपूर, तारा पांडे, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती, पूर्व चेयरमैन पवन कुमार चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, संजीव शर्मा, अरुण जोशी, हरीश नैनवाल, बॉबी संभल, दीपू नयाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## नंबर प्लेट पर कीचड़ लगाकर घूम रहे पर्यटकों की कार सीज

नैनीताल । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में यातायात नियमों के पालन को लेकर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने नंबर प्लेट पर कीचड़ लगाकर वाहन चलाने पर एक कार को सीज कर दिया। कार में सवार पर्यटकों और पुलिस के बीच नंबर प्लेट साफ कराने को लेकर बहस भी हुई। बता दें तल्लीताल में चेकिंग के दौरान कलेट्रेट रोड से गांधी चौक की ओर तेज गति से आ रही एक कार को पुलिस ने रोका।

कार की नंबर प्लेट पर काफी कीचड़ लगा थाए जिससे वाहन का नंबर स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। पुलिस ने कार रोककर पर्यटकों से नंबर प्लेट पर लगा कीचड़ साफ करने को कहा। लेकिन पर्यटकों ने नंबर प्लेट साफ करने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर पुलिस और पर्यटकों के बीच बहस शुरू हो गई। इस दौरान पर्यटक पुलिसकर्मियों को ही यातायात नियम समझाने लगे। पुलिस ने नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं होने को यातायात नियमों का उल्लंघन माना और वाहन के खिलाफ कार्रवाई की।

# 24वीं उत्तराखंड प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय, वाहिनी, पुलिस बॉक्सिंग, कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग, आर्म कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



पुलिस लाईन में तीन दिवसीय 24वीं उत्तराखंड प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय, वाहिनी,पुलिस बॉक्सिंग, कुश्ती, बॉडी बिल्डिंग,आर्म कुश्ती प्रतियोगिता का शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभांरभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया।

प्रतियोगिता का शुभांरभ के मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि डीएम नितिन भदौरिया का आयोजन सचिव एवं एसएसपी अजय गणपति कर स्वागत किया। इसके बाद प्रतियोगिता का शुभांरभ किया गया। इस दौरान जनपदों एवं वाहिनियों से पहुंची टीमों के टीम मैनेजरों से परिचय कराया गया। बाद में टीमों ने अपनी-अपनी ध्वजाओं के साथ मार्च-पास्ट करते हुये मुख्य अतिथि को सलामी दी।मेजबान ऊधम सिंह नगर के टीम कप्तान कान्सटेबल अमन दुगताल ने टीमों के खिला?ियों को प्रतियोगिता में खेल भावना एवं ईमानदारी के साथ प्रतिभाग करने की शपथ दिलवाई। शपथ के बाद मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के विधिवत शुभारम्भ की घोषणा की। प्रतियोगिता में जनपदों, वाहिनियों सहित 15 टीमों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे रहा है।


खेल के प्रथम दिन बॉक्सिंग मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ने किया। आयोजन सचिव ने प्रतियोगिता के अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार जताया।

**आयोजन**

- **3 दिवसीय शुरू हुई प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डीएम नितिन भदौरिया**

# फिल्मी दुनिया

## आलिया भट्ट ने साझा की रणबीर-राहा के साथ वेकेशन फोटोज





*आलिया भट्ट जब फिल्मों में व्यस्त नहीं रहती हैं तो पति और अभिनेता रणबीर कपूर के साथ वेकेशन पर निकल जाती हैं। ऐसी ही एक पुरानी वेकेशन की तस्वीरें आलिया ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की हैं।*

*आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं, इन तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, 'पुराने अच्छे दिन। गले लगना और भी बहुत कुछ।' इन तस्वीरों में वह अपनी बेटी राहा के गले लगी हुई नजर आ रही हैं। रणबीर कपूर और राहा के साथ वेकेशन का खूब आनंद ले रही हैं।*

*आलिया भट्ट ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें वह पति रणबीर और बेटी राहा के साथ एक बोट पर बैठी हैं। समंदर की सैर पर यह परिवार निकला है। आगे कुछ तस्वीरों में आलिया अपनी बेटी राहा के साथ वक्त गुजार रही हैं। बेटी राहा ने भी आलिया को गले लगाया हुआ है। यह पल आलिया के लिए कभी न भूलने वाले हैं। हाल ही में आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' रिलीज हुई। इसके अलावा वह संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' कर रही हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी हैं।*

### डाइटिंग भूल गई आलिया



*अभिनेत्री होने के नाते आलिया अपनी फिटनेस, फिगर पर ध्यान देती हैं लेकिन वेकेशन पर वह डाइटिंग को भूल गई हैं। मनपसंद खाना खा रही हैं। अपनी सेल्फी भी वह क्लिक कर रही हैं।*

# कांग्रेस ने चुनावों से पहले फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़वाए: पूर्व विधायक शुक्ला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



भाजपा नेता एवं किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि 2022 के चुनावों से पहले एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा गया था।

इसके तहत उत्तराखंड की मतदाता सूचियों में उत्तर प्रदेश से आए विशेष समुदाय के लोगों के नाम जोड़े गए। पूर्व विधायक शुक्ला ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किच्छा में 8184 ऐसे लोग हैं। इनके नाम और मतदाता पहचान पत्र दो अलग-अलग जगहों पर दर्ज हैं। ये जगहें उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बिलासपुर, बहेड़ी आदि हैं। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 का हवाला दिया। उन्होंने फर्जी वोट दर्ज कराने वाले लोगों से अपील की है कि वे समय रहते अपना नाम एक स्थान से कटवा लें। ऐसा न करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि एसआईआर को लेकर जनता में भ्रामक प्रचार कर रही है। शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आठ हजार से अधिक ऐसे मतदाताओं के नाम की लिस्ट भी दिखाई, जिसमें दो जगहों पर नाम है। फर्जी नाम कटने के भय से कांग्रेस तिलमिला रही है। उन्होंने बताया कि उनके पास तो सबूत हैं। उन्होंने ऐसे लोगों से अपील की है कि जिनके दो जगहों पर वोट हैं, एक जगह से हटवा दें। ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

**आरोप**

- **किच्छा के पूर्व विधायक ने विशेष समुदाय के वोट बनाने के भी लगाए आरोप**

# ग्राफिक एरा भीमताल में साइबर अपराध, नशे और यातायात सुरक्षा पर जागरूकता सत्र

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में विद्यार्थियों को साइबर अपराध तथा नशे के दुष्प्रभाव और यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में नैनीताल के पुलिस अधीक्षक (क्राइम एवं ट्रैफि क) डॉ. जगदीश चंद्र मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान ट्रैफिक इंस्पेटर नैनीताल पुलिस महेश चंद्र भी उपस्थित रहे।डॉ. जगदीश चंद्र ने विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध तथा नशे की लत तथा यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़े खतरों की जानकारी दी। उन्होंने वास्तविक घटनाओं के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर अपराध की पहचान करनेए ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय शांत रहने और समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों को लेकर कहा कि कोई भी पुलिस या सरकारी एजेंसी फोन कॉल अथवा ऑनलाइन माध्यम से गिरफ्तारी नहीं करती। साइबर अपराधी अकसर पुलिस तथा कस्टम या अन्य सरकारी अधिकारियों की पहचान बताकर लोगों को डराते हैं और पैसे ट्रांसफर करने के लिए



मजबूर करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवेदनशील जानकारी साझा न करने और वित्तीय साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। महिलाओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले साइबर अपराधों पर भी उन्होंने विद्यार्थियों को सचेत किया। डेटिंग स्कैम, फर्जी पहचान तथा फोटो मॉर्फिंग, ब्लैकमेलिंग और निजी जानकारी के दुरुपयोग जैसे मामलों से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड और टूफैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने तथा संदिग्ध लिंक पर कलिक न करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीडन या धोखाधड़ी का सामना होने पर विद्यार्थी बिना झिझक अपने अभिभावकों तथा शिक्षकों या पुलिस से संपर्क करें।

नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए डॉ. चंद्र ने कहा कि अकसर साथियों के दबाव या प्रयोग के तौर पर शुरू हुआ नशा धीरे धीरे लत का रूप ले सकता है। इसका गंभीर प्रभाव विद्यार्थियों की शिक्षाए पारिवारिक संबंधोंए आर्थिक स्थिति और व्यक्तिगत सुरक्षा पर पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक की जानकारी देते हुए नशे से पूरी तरह दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने डॉ. एपीजे अबदुल कलाम के प्रसिद्ध कथन सपना वह नहीं है जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है जो आपको सोने नहीं देता का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। परिसर के निदेशक ने डॉ. जगदीश चंद्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को साइबर अपराधए नशे और यातायात सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी मिलना उनके लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सजग तथा अनुशासित और जिमेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।कार्यक्रम का समापन एक स्पष्ट और महत्वपूर्ण संदेश के साथ हुआ कलिक करने से पहले सोचें, नशे को ना कहें तथा यातायात नियमों का पालन करें और सदैव सतर्क रहें।

## News कॉर्नर

### नैनीताल की माल रोड की दुर्दशा को लेकर होटल एसो.अध्यक्ष बिष्ट गंभीर

**नैनीताल** । नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगविजय सिंह बिष्ट ने लोअर माल रोड के धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य से अपर माल रोड पर आई दरारों एवं उससे पर्यटन पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को लेकर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा है। बिष्ट ने कहा है कि अपर माल रोड पर आई दरारों और संभावित खतरे की तुरंत तकनीकी जांच कराई जाए ताकि भविष्य में रोड को और अधिक नुकसान न हो और पुनरावृत्ति रोकी जा सके। कहा कि लोअर माल रोड के निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कराने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिए जाएँ और एक निश्चित समय.सीमा तय की जाए।कहा कि मामले को लेकर धरने पर बैठे श्री पुनीत टंडन एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर उन्हें कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का उचित आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया जाए।

# पिता-पुत्री की करंट लगने से मौत विभाग पर लगे लापरवाही के आरोप

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा के लाइन नंबर-16 में बारिश के बीच करंट की चपेट में आकर पिता-पुत्री की मौत से पूरे इलाके में मातम छा गया। छत पर एसी का आउटडोर ठीक करने पहुंचे 45 वर्षीय नदीम पुत्र फाइम करंट की चपेट में आ गए। पिता को बचाने के लिए पहुंची उनकी 12 वर्षीय बेटी अलीजबा भी विद्युत प्रवाह की चपेट में आ गई। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जांच और जिम्मेदारी तय करने की मांग उठाई है।

बताया गया कि सोमवार देर शाम नदीम घर की छत पर एसी का आउटडोर ठीक करने गए थे। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। उनके शोर मचाने पर बेटी अलीजबा भी छत पर पहुंची और हादसे की



चपेट में आ गई। आसपास के लोगों ने दोनों को तत्काल डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिए। इसके बाद गमगीन माहौल में स्थानीय लोगों और परिजनों ने दोनों को अंतिम विदाई दी। पिता-पुत्री की एक साथ मौत से हर आंख नम नजर आई। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे से पहले क्षेत्र में मेन लाइन में गड़बड़ी और करंट फैलने की शिकायत की गई थी। इसके बावजूद समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि घरों से बेहद नजदीक गुजर रही विद्युत लाइनें बारिश के दौरान बड़ा खतरा बनी हुई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मेन लाइन में गड़बड़ी और करंट फैलने की शिकायत पहले ही की गई थी। सवाल उठ रहा है कि शिकायत के बावजूद विद्युत व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त क्यों नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने के साथ घर तक आने वाली विद्युत लाइन और वायरिंग की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। हादसे के बाद इस व्यवस्था की निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं।

**जनप्रतिनिधियों ने जताया दुख, जांच की मांग:** हादसे पर विधायक सुमित हृदयेश, सपा उत्तराखंड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी और पूर्व अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष मजहर नवाब ने गहरा दुख जताया। उन्होंने विद्युत व्यवस्था की जांच कराने और यदि लापरवाही सामने आए तो जिम्मेदारी तय करने की मांग की।

# महावर महिला समिति ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तीज महोत्सव

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

महावर महिला समिति द्वारा तीज महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष सुधा गुप्ता ने की। महामंत्री आभा गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष बेला गुप्ता ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे समिति की संरक्षक माया गुप्ता, विमला गुप्ता, सरिता गुप्ता, कृष्णा गुप्ता एवं अल्का गुप्ता द्वारा विधिवत संपन्न किया गया। तीज महोत्सव के दौरान तीज क्वीन प्रतियोगिता, तंबोला, विभिन्न मनोरंजक खेल एवं रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सावन एवं तीज के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पूरे कार्यक्रम में हंसी-खुशी, उत्साह और उमंग का माहौल रहा।समिति की समस्त कार्यकारिणी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग एवं योगदान दिया।

समिति ने सभी संरक्षकों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं उपस्थित महिलाओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी के सहयोग एवं सहभागिता से यह तीज महोत्सव यादगार बन सका। सभी महिलाओं ने तीज पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं दीं।




# बदलती जीवनशैली और जंक फूड की आदत बिगाड़ रही बच्चों की सेहत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

बदलती जीवनशैली और जंक व फास्ट फूड के बढ़ते चलन का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। पौष्टिक आहार की कमी के कारण बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से वे बार.बार बीमार पड़ रहे हैं।

बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचने वाले बच्चों के अभिभावकों को चिकित्सकों की ओर से खानपान को लेकर नियमित काउंसलिंग भी की जा रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉण् रविंद्र मेर ने बताया कि बच्चों में चिप्सए नूडल्सए पिज्जाए बर्गरए पैकेज्ड जूस और अन्य फास्ट फूड के सेवन की आदत बढ़ रही है। इन खाद्य पदार्थों से बच्चों का पेट तो भर जाता हैए लेकिन शरीर को जरूरी प्रोटीनए विटामिनए खनिज और अन्य पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाते। इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो सकती है और वे संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में बच्चों के उपचार के साथ उनके माता.पिता को भी खानपान और दिनचर्या को लेकर जागरूक किया जा रहा है। अभिभावकों को बच्चों के भोजन में हरी सब्जियांए मौसमी फलए दालेंए दूध.दहीए अंडा और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह दी जा रही है। डॉण् मेर के अनुसार बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए केवल बीमारी होने पर उपचार कराना पर्याप्त नहीं है।

नियमित और संतुलित आहारए पर्याप्त नींदए शारीरिक गतिविधि तथा स्वच्छता पर भी ध्यान देना जरूरी है। अभिभावकों को बच्चों को जंक फूड से पूरी तरह दूर रखने के बजाय इसकी मात्रा और आवृत्ति नियंत्रित करने तथा घर के पौष्टिक भोजन की आदत विकसित करने पर जोर देना चाहिए।

## ठंडी सड़क पर बाइक दौड़ाने से रोका तो लोगों से अभद्रता

**नैनीताल।** वाहनों के लिए प्रतिबंधित ठंडी सड़क पर बाइक दौड़ाने से रोकने पर बाइक सवारों ने स्थानीय लोगों से अभद्रता कर दी। सूचना पर पुलिस ने बाइक स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक नगर की ठंडी सड़क पर टैक्सी बाइक दौड़ती देख स्थानीय लोगों ने बाइक सवारों को टोका साथ ही जानकारी दी कि ठंडी सड़क पर वाहन चलाना मना है। जिस पर बाइक सवार युवक ने लोगों से अभद्रता कर दी। अभद्रता के बद बाइक सवार तल्लीताल की ओर चले गए। स्थानीय लोगों ने बाइक की फ ोटो पुलिस को भेज दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने बाइक सवार की तलाश की लेकिन वह मौके पर नहीं मिला हालांकि फ ोटो और वाहन संबंधी जानकारी के आधार पर पुलिस ने प्रतिबंधित क्षेत्र में बाइक ले जाने पर वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की।

## चैती मेला परिसर में दो हाईटेक शौचालयों का जल्द मिलेगा लाभ

**काशीपुर।** नगर निगम प्रशासन ऐतिहासिक चैती मेले में हजारों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो हाईटेक शौचालयों का निर्माण करा रहा है। इसका कार्य जल्दी ही पूरा होने की उम्मीद है।

मेयर दीपक बाली ने बताया नगर निगम प्रशासन मेला परिसर में 76 लाख 87 हजार और 89 लाख 82 हजार रुपये की लागत से दो हाईटेक शौचालय बनवा रहा है।

# महिला ने साथ आए दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में उस समय सनसनी फैल गई जब शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) से घूमने आई एक महिला ने अपने साथ आए दो युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए सुबह पुलिस को 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और होटल पहुंचकर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। महिला को भी पुलिस टीम कोतवाली ले आई जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक महिला शाहजहांपुर से दोनों युवकों के साथ नैनीताल आई थी। तीनों के रात में एक होटल में ठहरने की बात सामने आई है। इसके बाद महिला ने पुलिस को फ ोन कर आरोप लगाया कि दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। सूचना मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम होटल पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस ने दोनों युवकों को पूछताछ के लिए बारा पत्थर चौकी ले जाया गयी। पूछताछ में युवकों ने महिला को अपना परिचित बताते हुए आरोपों से अलग पक्ष रखा। युवकों का कहना है कि वे महिला को पांच हजार रुपये में नैनीताल घूमाने के लिए लेकर आए थे जबकि सुबह महिला ने पांच हजार रुपये के बजाय उनसे पांच लाख रुपये की मांग की। युवकों के अनुसार रकम देने से इनकार करने पर महिला ने पुलिस को सूचना दी हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। महिला के आरोपों और युवकों की ओर से बताए गए घटनाक्रम की जांच की जा रही है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि महिला और दोनों युवकों से पूछताछ जारी है। मामले में तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय मजदूर संघ का कलक्ट्रेट में प्रदर्शन,एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई ने श्रमिकों की लंबित मांगों को लेकर कलक्ट्रेट परिसर के बाहर प्रदर्शन कर धरना दिया।इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में 11 सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई की मांग की गई।सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचे भारतीय मजदूर संघ ने प्रदर्शन कर धरना दिया।



इस मौके पर श्रमिकों ने न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने की मांग की के साथ ही ईएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार से बढ़ाकर 42 हजार रुपये, न्यूनतम ईपीएस पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह करने और महंगाई भत्ते व अन्य सुविधाओं का लाभ देने की मांग रखी गई। श्रमिकों ने ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपये और बोनस की गणना सीमा सात हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये करने की मांग की।संघ ने बोनस पात्रता की सीमा बढ़ाकर 42 हजार रुपये, विभिन्न योजनाओं में मानदेय बढ़ाने और समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने की मांग की। इसके अलावा श्रम संहिताओं में श्रमिक विरोधी प्रावधान हटाने, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये करने और बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग उठाई गई।

**मांग**

- न्यूनतम वेतन 30 हजार करने समेत अन्य मांगें शामिल